
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 120 | ग्वालियर,10 जनवरी बुधवार 2023 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए

# जिन्हें श्रीराम के अस्तित्व पर.., कांग्रेस नेताओं ने प्राण प्रतिष्ठा में जाने से किया इनकार तो भड़की बीजेपी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी ने अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल न होने पर बीजेपी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है.भारतीय जनता पार्टी बीजेपी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ÷जिन्हें श्रीराम के अस्तित्व पर ही विश्वास नहीं, उनसे और अपेक्षा भी क्या की जा सकती है.÷ वहीं, इस मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, ÷वे (कांग्रेस नेता) अपनी बयानबाजी में फंसे हुए हैं. वह जो कह रहे हैं, कहने दीजिए. उन्हें गंभीरता से क्यों लें? अगर वे नहीं जाएंगे तो उन्हें खुद ही पछतावा होगा.÷

**स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर साधा निशाना**-इस बीच केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस को राम विरोधी बताया. उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷कांग्रेस पार्टी का राम विरोधी चेहरा देश के सामने आ गया. इसमें कोई हैरान करने वाली बात नहीं है.÷ उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में जिस पार्टी ने अदालत के समक्ष हलफनामा दायर किया था कि भगवान राम काल्पनिक हैं, उसके नेतृत्व ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया.केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सोनिया गांधी और कांग्रेस के नेतृत्व में गठबंधन ने बार-बार सनातन धर्म का अपमान किया है. अब उनके नेताओं के प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करना उनकी सनातन विरोधी मानसिकता को दर्शाता है.

**प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को कांग्रेस ने बताया बीजेपी का इवेंट**-इससे पहले कांग्रेस ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी का इवेंट बताया. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार (10 जनवरी) को कहा कि समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी



सोनिया गांधी शिरकत नहीं करेंगे. इतना ही नहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी भी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे.

**धर्म व्यक्तिगत मामला**-कांग्रेस महासचिव ने अपने बयान में कहा कि पिछले महीने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का निमंत्रण मिला था. भगवान राम की पूजा-अर्चना करोड़ों भारतीय करते हैं. धर्म इंसान का व्यक्तिगत मामला है, लेकिन बीजेपी और आरएसएस ने राम मंदिर को एक राजनीतिक परियोजना बना दिया.

**भगवान राम काल्पनिक हैं, उसके नेतृत्व ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया.केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सोनिया गांधी और कांग्रेस के नेतृत्व में गठबंधन ने बार-बार सनातन धर्म का अपमान किया है. अब उनके नेताओं के प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करना उनकी सनातन विरोधी मानसिकता को दर्शाता है**

## मणिपुर सरकार ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए दी इजाजत, रखी ये शर्त

मणिपुर सरकार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बुधवार (10 जनवरी) को इजाजत दे दी. अधिकारी ने बताया कि सीमित लोगों की संख्या के साथ ये अनुमति दी गई है.इससे पहले कांग्रेस ने दावा किया था कि मणिपुर सरकार ने इंफाल के पैलेस ग्राउंड से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया है. पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस यात्रा की शुरुआत के लिए इंफाल में किसी दूसरे स्थान का चुनाव करेगी.बता दें कि मणिपुर पिछले साल मई से जातीय हिंसा की चपेट में है, जिसमें 180 से अधिक लोगों की मौत हुई है.कांग्रेस का कहना है यह यात्रा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तीनों पर केंद्रित है. पार्टी अध्यक्ष लगाया कि केंद्र सरकार ने चर्चा के लिए



मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप संसद का दरवाजा बंद कर दिया है, इसलिए लोगों की आवाज उठाने के मकसद से यात्रा निकालनी पड़ रही है.

**किन राज्यों से होकर गुजरेगी**-कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मणिपुर से शुरू होने वाली है. करीब 6,700 किलोमीटर दूरी तय करके यह यात्रा 15 राज्यों से होकर मुंबई में समाप्त होगी. ये राज्य -मणिपुर, नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र हैं. बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी. भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लोकसभा चुनाव को देखते हुए काफी अहम माना जा रहा है.

## 25 बरस में भारत को विकसित देश बनाने का पीएम मोदी का टारगेट: गुजरात ग्लोबल समिट में बोले- हम स्थिरता के अहम स्तंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार (10 जनवरी) को वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट को संबोधित करते हुए सभी को नए साल की बधाई दी. पीएम ने अगले 25 साल में भारत को विकसित देश बनाने का टारगेट रखा है. उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के 75 साल पूरे हुए हैं. अब भारत अगले 25 सालों की तैयारी कर रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि हमारा मकसद है कि भारत को उसकी आजादी के 100 साल पूरा होने तक एक विकसित देश बनाया जाए. पीएम मोदी ने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात समिट आर्थिक विकास और निवेश के लिए ग्लोबल प्लेटफॉर्म बन गया है. भारत और यूएई ने फूड पार्क के विकास, नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग और हेल्थकेयर में निवेश के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं. उन्होंने बताया कि भारत के बंदरगाह बुनियादी ढांचे के लिए यूएई की कंपनियां अरबों डॉलर के निवेश पर सहमत हुई हैं. भारत और यूएई अपने रिश्ते को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं.




## एक नजर

### नरेंद्र मोदी भारतीय इतिहास के सबसे सफल पीएम, मुकेश अंबानी ने वाइब्रेंट गुजरात कार्यक्रम में की प्रधानमंत्री की तारीफ




रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बुधवार (10 जनवरी) को वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की. मुकेश अंबानी ने कहा कि जब पीएम मोदी बोलते हैं तो पूरी दुनिया सुनती है. वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का आयोजन राज्य की राजधानी गांधीनगर में हो रहा है, जहां व्यापार जगत के दिग्गज पहुंचे हुए हैं.वाइब्रेंट गुजरात समिट के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन अंबानी ने समिट की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया. गुजरात वाइब्रेंट समिट का आयोजन मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान से ही हो रहा है. इस समिट की शुरुआत 2003 में हुई थी. पहले समिट में 700 डेलीगेट्स इसका हिस्सा बने थे, लेकिन अब इसमें हिस्सा लेने वाले डेलीगेट्स की संख्या 1 लाख से ज्यादा हो गई है.

**पीएम मोदी को बताया सबसे महान ग्लोबल लीडर**-मुकेश अंबानी ने कहा,मैं भारत के प्रवेश द्वार के शहर मुंबई से आधुनिक भारत के विकास के प्रवेश द्वार गुजरात तक आया हूं. मुझे गुजराती होने पर गर्व है, जब विदेशी लोग नए भारत के बारे में सोचते हैं, तो वे नए गुजरात के बारे में भी सोचते हैं. यह बदलाव कैसे हुआ? इस बदलाव की वजह एक नेता हैं, जो हमारे समय के सबसे महान ग्लोबल लीडर के रूप में उभरे हैं. इस नेता का नाम पीएम मोदी है, जो भारत के इतिहास में सबसे सफल पीएम हैं.वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की बात करते हुए अंबानी ने कहा, इस तरह का कोई भी अन्य समिट 20 सालों तक लगातार जारी नहीं रहा है. मगर ये समिट हर साल और भी ज्यादा मजबूत होता जा रहा है. ये पीएम मोदी की दूरदर्शिता और निरंतरता का नतीजा है. उन्होंने कहा, मैं उन कुछ भाग्यशाली लोगों में शामिल रहा हूं, जिन्होंने वाइब्रेंट गुजरात के हर समिट में हिस्सा लिया है.मोदी है तो मुमकिन है- मुकेश अंबानी रिलायंस चेयरमैन ने बताया कि विदेशों में जब मेरे दोस्त मुझसे पूछते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है नारे का क्या मतलब है, जिसे लाखों भारतीय लगाते हैं. अंबानी ने कहा कि मैंने अपने दोस्तों को बताया कि इस नारे का मतलब है कि भारत के प्रधानमंत्री नामुमकिन चीजों को भी अपनी दूरदर्शिता और दृढ़ता से मुमकिन बना देते हैं. यही वजह है कि मेरे विदेशी दोस्त भी मेरी बातों से सहमत होते हुए कहते हैं-मोदी है तो मुमकिन है.

**पीएम मोदी करते हैं दुनिया के विकास की बात**-मुकेश अंबानी ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर पीएम मोदी कहते थे कि भारत के विकास के लिए गुजरात का विकास जरूरी है. इस तरह से पीएम ने गुजरात को भारत के विकास का इंजन बनाया है. उन्होंने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री के तौर पर पीएम मोदी दुनिया के विकास के लिए भारत के विकास की बात करते हैं. प्रधानमंत्री इस मंत्र पर काम कर रहे हैं और भारत को दुनिया के विकास का इंजन बना रहे हैं.

**2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा भारत**-रिलायंस चेयरमैन ने कहा कि पीएम मोदी ने मात्र दो दशकों में गुजरात से वैश्विक मंच तक की यात्रा की है. आज भारत के युवाओं के पास देश की अर्थव्यवस्था में एंट्री लेने के लिए सबसे अच्छा समय है. उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों होने के लिए पीएम का धन्यवाद करेंगी. पीएम मोदी ने विकसित भारत की नींव रखी है. दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकेगी.

### भूकंप के झटकों से कांपा अंडमान, रिक्टर स्केल पर 4.1 मापी गई तीव्रता, जान-माल के नुकसान की खबर नहीं




अंडमान निकोबार द्वीप समूह में बुधवार (10 जनवरी) सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई है. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने इसकी जानकारी दी है. एनसीएस ने बताया कि अंडमान द्वीप पर भूकंप के झटके सुबह 7.53 बजे महसूस किए गए. अंडमान में आए भूकंप की वजह से अभी तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है.सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एनसीएस ने एक पोस्ट में कहा, 10 जनवरी सुबह 7.53 बजे 4.1 तीव्रता के भूकंप के झटके अंडमान द्वीपों पर महसूस किए गए हैं. भूकंप के केंद्र की गहराई 10 किमी रही है. अंडमान निकोबार द्वीप समूह में कुल मिलाकर 572 द्वीप हैं, जिसमें से 38 पर स्थायी रूप से लोग रहते हैं.

लोकसभा चुनाव की जोर-शोर से चल रही

## कांग्रेस, शरद पवार, उद्धव ठाकरे और प्रकाश आंबेडकर में लोकसभा सीटों पर बन गई बात!

तैयारियों के बीच विपक्षी गठबंधन इंडिया में सीट शेयरिंग को अंतिम रूप देने के लिए बैठकों का दौर जारी है. मंगलवार (9 जनवरी) को महाराष्ट्र में सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना के बीच मीटिंग हुई. बैठक को लेकर सूत्रों ने बताया कि राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना की 20-20 सीटों पर चुनाव लड़ने की चर्चा है. वहीं शरद पवार की एनसीपी को छह सीटें दी जा सकती है. इसके अलावा प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन आघाडी को 2 सीटें दी जा सकती है. महाराष्ट्र में कांग्रेस 26 सीटों की मांग कर रही है, जबकि शिवसेना 23 सीटों की मांग कर रही है. वहीं हृष्टक्क ने यह खुलासा नहीं किया है कि वह कितनी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है.मीटिंग के बाद उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेता संजय राउत ने कहा कि हम सब लोग खुशी-खुशी बाहर निकले हैं. संघर्ष के दौर में एकसाथ रहेंगे. उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में ज्यादा सीट ले आएंगे. एक-एक सीट पर बातचीत हो गई है. सीट शेयरिंग पर कोई मतभेद नहीं है, सारा मामला सुलझ गया है.संजय राउत ने बताया कि वंचित बहुजन आघाडी गठबंधन का हिस्सा होगी. वहीं शरद पवार की एनसीपी के नेता जितेंद्र आव्हाड ने कहा, यह सच है कि शिवसेना अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है और इस पर शरद पवार और उद्धव ठाकरे के बीच बातचीत हो रही है.दरअसल, कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना लोकसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी के खिलाफ एकजुट हुए विपक्षी गठबंधन इंडिया के अलावा महाविकास अघाडी का भी हिस्सा हैं.सीट बंटवारे को लेकर चर्चा दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय गठबंधन समिति के संयोजक मुकुल वासनिक के आवास पर हुई. इस दौरान कमेटी के सदस्य राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद भी मौजूद थे. मीटिंग में इसके अलावा महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण और बालासाहेब थोराट सहित अन्य नेता मौजूद थे. इस बैठक में एनसीपी के नेता जितेंद्र आव्हाड, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत और विनायक राउत शामिल थे. महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि सीट बंटवारा आराम से होगा. उन्होंने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा, हमारे बीच में हो रही सीट शेयरिंग में कोई समस्या नहीं होगी. सीट बंटवारा मेरिट के आधार पर होगा. बीजेपी को हराना होगा. इसको लेकर हमारा प्लान तैयार हो गया है.एनसीपी चीफ शरद पवार ने मीटिंग से पहले कहा था कि हर पार्टी की सीटों को लेकर अपनी मांग है. उन्होंने इस दौरान प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन आघाडी को सीट देने की भी पैरवी की थी. टप्रकाश आंबेडकर की विदर्भ क्षेत्र में पकड़ मानी जाती है और वह महाराष्ट्र में विदर्भ के अकोला क्षेत्र में सीटें मांग सकते हैं. प्रकाश आंबेडकर अकोला सीट से 3 बार सांसद भी रह चुके हैं.ये ऐसे समय पर सामने आया है जब शरद पवार की एनसीपी ने महाराष्ट्र की 10 लोकसभा सीटों पर पार्टी की स्थिति की सोमवार (8 जनवरी) को समीक्षा की. पवार ने जलगांव में मुंबई उत्तर पूर्व, भिवंडी, डिंडोरी, माधा, कोल्हापुर, अहमदनगर, सतारा, बीड, हिंगोली और रावेर के पार्टी पदाधिकारियों से बातचीत की. शिवसेना (यूबीटी) के नेता अरविंद सावंत ने कहा कि गठबंधन में शामिल पार्टियां अपने मजबूती और कमजोरी जानते हैं. उन्होंने कहा, एमवीए की सरकार महाराष्ट्र में रही. एमवीए में शामिल तीनों पार्टियां अपनी मजबूती और कमजोरी जानती है.

## पीएम मोदी ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के लिए भेजेंगे चादर, बीजेपी का अल्पसंख्यक मोर्चा ले जाएगा अजमेर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा को चादर सौंपने वाले हैं, जिसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के मौके पर अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाया जाएगा. पीएम मोदी गुरुवार (11 जनवरी) दोपहर 12.30 बजे इस चादर को बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा को सौंपने वाले हैं. पीएम मोदी हर साल अजमेर शरीफ दरगाह पर उर्स के मौके पर चादर भेंट करते हैं. हर साल की तरह इस साल भी उनकी भेंट की गई चादर को दरगाह पर चढ़ाया जाएगा.पीएम पद संभालने के बाद नरेंद्र मोदी ने अब तक 9 बार अजमेर शरीफ दरगाह को चादर भेंट की है. इस तरह वह गुरुवार को 10वीं बार ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर भेंट करने वाले हैं. पिछले साल 811वें उर्स के मौके पर उन्होंने अजमेर शरीफ दरगाह को चादर भेंट की थी. पीएम ने इसकी तस्वीर भी शेयर की थी, जिसमें उनके साथ केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री स्मृति ईरानी और बीजेपी के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी मौजूद थे.

**आरएसएस ने भी भेंट की है चादर**-



आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार ने मंगलवार (9 जनवरी) को अजमेर शरीफ दरगाह को 40 फीट लंबी चादर भेंट की. उन्होंने भारत में अलग-अलग परंपराओं के साथ मिलकर रहने की बात पर जोर दिया और कहा कि भारत धार्मिक यात्राओं, त्योहारों और सद्भाव से भरा हुआ देश है. 40 फीट लंबी चादर को 13 जनवरी को उर्स के मौके पर 51 सदस्यों वाले मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रतिनिधिमंडल के जरिए अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाया जाएगा.

**बीआरएस ने भी दरगाह को भेजी चादर**-वहीं, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के मुखिया और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने भी अजमेर शरीफ दरगाह को चादर भेंट की है. इस मौके पर तेलंगाना के पूर्व गृह मंत्री महमूद अली, बीआरएस नेता आजम अली और अन्य मुस्लिम धार्मिक नेता उपस्थित रहे. बीआरएस पार्टी अपनी धर्मनिरपेक्ष परंपरा को जारी रखते हुए हर साल अजमेर शरीफ दरगाह पर चादर भेजती है. चंद्रशेखर राव ने ऐसे समय पर चादर भेजी है, जब वह बीमार चल रहे हैं.

**सोनिया के जन्मदिन के मौके पर दरगाह पर चढ़ाई गई चादर**-कांग्रेस पार्टी की राजस्थान इकाई ने पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन के मौके पर अजमेर शरीफ दरगाह में चादर चढ़ाई है. राजस्थान कांग्रेस कमेटी अल्पसंखयक विभाग के प्रदेश महासचिव एसएम अकबर के नेतृत्व में पार्टी नेता चादर लेकर दरगाह पर पहुंचे. कांग्रेस नेताओं ने दरगाह पर जाकर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की बारगाह में फूल और चादर चढ़ाए. इस दौरान सोनिया की लंबी उम्र और अच्छी सेहत के लिए दुआ मांगी गई.

## 'पीएम मोदी का मजाक उड़ाना बर्दाश्त नहीं', मालदीव विवाद पर भारत के समर्थन में उतरा बांग्लादेश, अब्दुल मोमेन कही बड़ी बात

भारत और मालदीव के रिश्ते इन दिनों खटाई में पड़े हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गलत बयानबाजी करके घटनों पर आए मालदीव को अब हर तरफ से फजीहत झेलनी पड़ रही है. इसी क्रम में बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. एके अब्दुल मोमेन भी मालदीव की खरी-खरी सुनाई और कहा कि पीएम मोदी का मजाक उड़ाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.एएनआई से बातचीत में उन्होंने कहा, ÷वो लोग भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजाक उड़ाने की कोशिश कर रहे हैं, ये बर्दाश्त नहीं है. मुझे लगता है कि ये उनके मूल्यों की गिरावट को दर्शाता है क्योंकि जिनका वो मजाक उड़ा रहे हैं वो प्रमुख चेहरे हैं और हमें उन्हें सम्मान देना चाहिए न कि उनका मजाक उड़ाना चाहिए. मुझे लगता है कि ये किसी भी व्यक्ति के लिए अपमानजनक है. मुझे




इस मामले की ज्यादा डिटेल नहीं पता लेकिन इतना पता है कि वो लोग पीएम मोदी का मजाक उड़ाने कोशिश कर रहे थे. ये स्वीकार योग्य नहीं है.बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत का समर्थन करते हुए कहा, ÷भारत हमारा भरोसेमंद दोस्त है. उसने हमेशा हमारा समर्थन किया है. उसने लिब्रेशन आंदोलन के दौरान भी हमारा साथ दिया था. जब हमने अपना पूरा परिवार खो दिया था तो उन्होंने हमें आश्रय दिया. हमारी शुभकामनाएं भारत के लोगों के साथ हैं.मालदीव के विपक्षी दल ने भी मोहम्मद मुइज्जू सरकार की आलोचना करते हुए पीएम मोदी से माफी मांगने की मांग की. मालदीव की सांसद ईवा अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार ने अपने मंत्रियों की टिप्पणियों से खुद को अलग करके मंत्रियों का निलंबित कर दिया है. लेकिन मालदीव की सरकार को भारत के लोगों से औपचारिक रूप से माफी मांगनी चाहिए.उन्होंने आगे कहा, ÷टिप्पणियां बेहद शर्मनाक, नस्लवादी और बर्दाश्त के बाहर हैं. मंत्रियों के शब्द मालदीव के लोगों की राय से बिल्कुल अलग हैं. हम अच्छी तरह से जानते हैं कि मालदीव भारत पर कितना निर्भर है. जब भी हमें जरूरत पड़ी है, भारत हमेशा सबसे आगे रहा है.÷

बैराड मे दिनदहाडे हुई चायना शर्मा की हत्या कर लूट/डकैती के सनसनीखेज मामले का खुलासा

# मृतिका के घर मे आने जाने, बच्चो के साथ खेलने वाले नाबालिक आरोपी ने घटना की रैकी कर अन्य कुल 06 आरोपियान के साथ मिलकर दिया घटना को अंजाम

**घटना मे शामिल कुल 08 आरोपी 06 आरोपी गिरफ्तार,**

**कब्जे से सोने चांदी के जेवर कीमती 20 हजार नगद 1 लाख 9 हजार रुपये घटना मे प्रयुक्त फोर व्हीलर गाडी एवं अवैध हथियार किये जप्त**

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-शिवपुरी के बैराड़ कस्बा मैं दिनांक 10 अक्टूबर को दिनदहाडे निमंत्रण का कहकर घरमे घुसकर अकेली महिला चायना शर्मा की गला दवाकर हत्या कर घर मे रखे जेवरात नगदी लूट / डकैती करने की गंभीर व सनसनीखेज घटना मे घटित होने पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले द्वारा घटना स्थल पहुंचकर आरोपियो की पतारसी सम्बधी निर्देश दिए गए। एसडीओपी सुजीत सिह भदौरिया द्वारा इस घटना को चुनौती के रूप मे लेकर थाना प्रभारी बैराड नवीन यादव के साथ टीम गठित कर प्रत्येक पहलू की बारीकी से विवेचना कराई गई । मृतिका के परिवारजनों ने प्रारम्भ में स्मैक पीने वालो पर संदेह व्यक्त किया जिसका पुलिस ने बारीकी से अनुसंधान कर स्मैक पीने वालों, स्मैक व्यवसाय मे संलिप्तसंदेहियो से विस्तृत पूछताछ की, सफलता नही मिलने पर पूर्व के अपराधियो, जेल से रिहा आरोपियान मृतिका के घर आने जाने वालो पर निगरानी रखकर विवेचनाकी गई।

दिनांक 21.12.2023 को मृतिका के परिवारजनो द्वारा प्रकरण मे खुलासा नही होने पर भूख हडताल पर बैठने पर घटना की रैकी व घटना मे शामिल नाबालिक आरोपी व एक अन्य आरोपी भी भूख हडताल मे शामिल रहा है।

**अपराध का तरीका व आरोपीगण** – मृतिका के घर पडोस मे किराए से रहने वाला, घर पर आने जाने वाला, जेवरात कहां रखे हैं, घर मे कब कौन कौन रहता है इसकी पूरी जानकारी रखने वालेनाबालिग आरोपी ने अपने अन्य साथियो, उसके कमरे मे साथ मे रहने वाले, पढाईकरने वाले व ग्राम गुरिच्चा व ग्राम हर्रई के साथ मिलकर योजना



बनाकर लगातार 3-4 दिन तक रैकी कर घटना को अंजाम दिया।

घटना दिनांक 10.10.2023 को मृतिका चायना शर्मा के पति व बच्चो के घर से बाहर जाने वाले गली के मोड पर खडे होकर रैकी की व आरोपीगणो ने घर मे घुसने के लिए ऐचवाडा गांव से निमंत्रण का कहकर दरवाजा खुलवाकर मृतिका के फोन से पति से निमंत्रण की बात भी कर मृतिका के विरोध करने पर चायना शर्मा की गला दवाकर हत्या की वमोबाईल व दोनो अलमारियो मे रखे नगदी रुपये व सोने, चांदी के जेवरात बजनी करीबन 10 तोला व नगदी 60000 मृतिका का मोबाईल रेडमी कंपनी का लूटकर / डकैती करके, सीसीटीव्ही कैमरो से बचने के लिए बैराड गांव के रास्ते की तरफ से मोटर साईकिल व कार से भाग गए।आरोपियो ने लूटकर ले जाए गए जेवरात को ग्वालियर मे गोल्ड लोन बैंक मे रखकर 4 लाख 80 हजार रूपये प्राप्त किए व कुछ जेवर अन्य खर्चे के लिए अपने - अपने पास रख लिए गोल्ड लोन मे मिले रूपए व लूट कर ले गए रूपये को आपस मे बांट लिया व जयपुर, ग्वालियर, भिन्ड क्षेत्र मे घूमकर खर्च किया।

**जप्ती** -मृतिका का रेडमी कंपनी का फोन आरोपियान द्वारा मृतिका से छीनकर श्रीपुरा गाजीगढ रोड गिरवानी के तालाब के पानी मे फैकना बताने पर आरोपियान की निशादेही पर व तालाब के पानी के सूख जाने से जेसीबी से मिट्टी खुदवाकर, रेडमी कंपनी का मृतिका का मोबाईल मय सिम फोडो के जप्त किया गया। आरोपियान से नगदी 1 लाख 9 हजार रुपये जेवरात कीमती 20 हजार रुपये एक टाटा मान्जा कार एमपी 07 एमएम 8888 कार कीमती 4 लाख रुपये आरोपियान से मोबाईल, दो देशी कट्टा व दो जिन्दा राउंड जप्त किए गए। प्रकरण मे अभी तक कुल 06 आरोपियान की गिरफ्तारी की जा चुकी हैं। 02 आरोपी फरार है। जिनकी तलाश हेतु टीमें, रवाना की गई है। संबधित गोल्ड लोन बैंक मे आरोपियान द्वारा लूट/ डकैती मे ले जाए गए गिरवी रखे गोल्ड की बरामदगी हेतु कार्यवाही शुरू की गई है।

**सराहनीय योगदान** – सुजीत सिह भदौरिया एससडीओपी पोहरी, निरी नवीन यादव थाना प्रभारी बैराड, उपनिरी हरीशंकर शर्मा थाना प्रभारी छर्च, उपनिरी धर्मेन्द्र शिवहरे, उपनिरी बी. एल. दोहरे, ए.एस.आई. तेजसिहं, प्र. आर. गणेश रावत, प्र.आर. हरिओम वर्गे, प्र.आर. शिरोमणी, प्र. आर गोविंद भदोरिया, प्र. आर. जगेश, आर. सुमित सेंगर, आर. अरुण ,आर. रामअवतार, आर. रणजीत रावत, आर. जलज रावत, आर. हुकम, आर. चेतन राठौर, आर. दुर्गा, आर. विवेका नंद व आर. शिवम बरुआ, आर. गौरव व आर. धरमसिहं का सराहनीय योगदान रहा है

# विकसित भारत संकल्प यात्रा नगर परिषद मौ में आयोजित हुई





**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को नगर परिषद मौ में आयोजित हुई जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष श्री मती वंदना सज्जन सिंह यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष नीरू पंकज कुशवाहा सीएमओ दिनेश श्रीवास्तव जी, विसंबर शाक्य तहसीलदार की मौजूदगी में शासन की विभिन्न योजनाओं से वंचित हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उन्हें मौके पर ही लाभ देने हेतु कार्रवाई प्रस्तुत की गई शिविर में ,संबल योजना ,पेंशन योजना ,पी. एम किसान सम्मन निधि ,आयुष्मान कार्ड योजना ,उज्वला योजना सहित वहीं नगर परिषद वंदना सज्जन सिंह यादव उपाध्यक्ष नीरू पंकज कुशवाहा जी ने हितग्राहियों को प्रमाण पत्र बांटे इस मौ के पर शासन की योजना का लाभ प्राप्त कर चुकी है योजना का लाभ मिलने के बाद उनके जीवन में आए परिवर्तन एवं सुधार को मेरी कहानी मेरी जवानी कार्यक्रम के जरिए बताया इस मौके पर सरनाम सिंह गुर्जर उदयवीर यादव जी सुल्तान मौर्य पार्षद मायाराम यादव गोपाल कुशवाह रामख्तार गुर्जर सोनू खान इस्तक कुरेसी छत्रपाल जाटव महबूब खान विमल कुशवाह अजय झा आदि।

# वेदों से विज्ञान तक हिंदी की सफल यात्रा... डॉ. शशि वल्लभ शर्मा

**अभिलाषा श्रीवास्तव अम्बाह**



अंबाह. .. आज वैश्विक स्तर पर हिंदी की मांग बढ़ी है। मानव की आवश्यकताएं बढ़ी हैं, क्षेत्र चाहे साहित्य का हो या विज्ञान का। भाषा किसी भी संस्कृति की वाहक होती है। भारत ने वेद के रहस्यों से लेकर आधुनिक तकनीकी को वैश्विक स्तर पर साझा किया है। हिंदी इसी आदान प्रदान का माध्यम रही है। आज विदेशी कंपनियां अपने व्यापार के विज्ञापन के लिए हिंदी का सहारा ले रही हैं। भारत के योग, साहित्य, दर्शन और अध्यात्म को समझने के लिए हिंदी भाषा का सहारा लिया जा रहा है। भारत की फिल्में सुखांत होती हैं अतः हिंदी फिल्में देखने के लिए वैश्विक स्तर पर हिंदी सीखी जा रही है। उक्त उद्बोधन अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबाह के हिंदी विभाग में आयोजित विश्व हिंदी दिवस संगोष्ठी में विभागाध्यक्ष डॉ. शशि वल्लभ शर्मा ने विद्यार्थियों को दिया। भाषा परिषद की परामर्शदाता डॉ. अभिलाषा श्रीवास्तव ने विश्व हिंदी दिवस मनाने की सार्थकता को स्पष्ट करते हुए कहा कि हमें मात्र एक दिन ही नहीं प्रतिदिन हिंदी का सम्मान करना चाहिए और हिंदी भाषा का प्रयोग बेझिझक करना चाहिए।इस अवसर पर डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल एवं प्रो.नीता सिंह ने भी हिंदी में रोजगार की संभावनाओं पर अपना व्याख्यान दिया।छात्र पियूष मिश्रा ने हिंदी दिवस का महत्व बताया। हिमांशी परमार ने काव्य के माध्यम से अपने विचारों को रखा, रोहित सिंह तोमर ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए एवं अरुण किरार ने इस आयोजन को कैमरे में श्रेष्ठता से कैद किया।कार्यक्रम के अंत में डॉ.अभिलाषा श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अतिथि शिक्षक नियुक्ति मे मनमानी , पूर्व पैनल का कहकर प्रभारी कर रहे गुमराह

**सिरोंज-लटेरी**
**÷अभिषेक कुशवाह÷**

अतिथि शिक्षक नियुक्तियों में मनमानी का फिर से एक और प्रसंग देखने को मिला जिसमें विकासखंड लटेरी के अंतर्गत आने वाले हायर सेकंडरी विद्यालय रुसल्ली साहू से जुड़ा हुआ है यहां संस्था के प्रभारी के द्वारा कम स्कोर वाले अतिथि शिक्षक की नियुक्ति कर दी है मामला यह है कि शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय रुसल्ली साहू में सत्र 2023-24 वर्ग 2 हिंदी विषय के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे जिसमें शिकायतकर्ता जसमन प्रजापति के द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा भी आवेदन दिया गया था और मेरा स्कोर कार्ड 183.2 है एवं दिए गए आवेदन की पावती भी मेरे पास है जबकि नियुक्त किए गए अतिथि शिक्षक का स्कोर कार्ड 153.1 है, इस विषय को लेकर मेरे द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की गई है जिसका अभी तक उचित निराकरण नहीं हो पाया है

**÷पूर्व पैनल के आधार पर की गई है नियुक्ति-** जब संस्था के प्रभारी भरोसी लाल जी से संदर्भित विषय को लेकर बात की गई तो उनका कहना था कि पूर्व पैनल के आधार पर हमारे द्वारा नियुक्ति की गई है, लेकिन विषय यह है कि पूर्व में उक्त विद्यालय





में पद रिक्त नहीं था फिर पूर्व पैनल का सवाल ही नहीं उठाता और यदि पूर्व पैनल के आधार पर नियुक्ति की गई है तब फिर नवीन आवेदन आमंत्रित क्यों कराए गए यह प्रश्न पूछने पर संबंधित प्रभारी के द्वारा विभागीय निर्देशों को पालन करने की बात कहीं गई 7

**आखिर क्यों मिल रहा है मनमानियों को बढ़ावा** - अतिथि शिक्षक का यह पहला प्रसंग नहीं है जहां नियुक्तियों में मनमानी का विषय रहा हो पूर्व में भी अनेक विद्यालयों में मनमानियो के मामले निकलकर सामने आए हैं, कई शालाओं में तो प्रभारी के द्वारा परिजनों की नियुक्तियां की गई है तो कई जगह अप्रशिक्षित अतिथि शिक्षकों की नियुक्तियां पूर्व पैनल को आधार बनाकर की गई है अब देखना यह है कि विभाग के द्वारा इस संबंध में कोई बड़ी कार्रवाई की जाती है या फिर कागजी खाना पूर्ति करके औपचारिकता की जाती है

**इनका है कहना**-यह मामला मेरे संज्ञान में है इस तरह की शिकायत प्राप्त हुई है और सीएम हेल्पलाइन पर भी यह शिकायत दर्ज है इसको लेकर मेरे द्वारा हायर सेकेंडरी रुसल्ली साहू के प्राचार्य को लिखा गया है की ÷वस्तु स्थिति÷ से अवगत करावे दस्तावेज प्राप्त होने के उपरांत नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी - वीरेंद्र बघेल विकासखंड शिक्षा अधिकारी लटेरी

# कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी का हुआ भव्य स्वागत



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री जीतू पटवारी,विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार,उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे,पूर्व मंत्री व विधायक जयवर्धन सिंह,भांडेर विधायक फूलसिंह बरैया,जौरा विधायक पंकज उपाध्याय आदि नेताओं का भिण्ड में प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जगह- जगह भव्य स्वागत किया। स्वागतकर्ताओं में जिला कांग्रेस कमेटी जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद, जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी,समाज कल्याण प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव धर्मेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ रानू ,भगीरथ सिंह कुशवाहा,रंजीत सिंह कुशवाहा, एबरन सिंह बघेल,राघवेंद्र राजू दौहरे, इब्राहीम खान,इसाक खान,वीरेंद्र शर्मा सहित सैक?ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# सिर्वी समाज धर्म गुरु दीवान साहब का कुक्षी में आत्मीय स्वागत

**शोभायात्रा में बढ़ी संख्या में शामिल हुए समाजजन**





**दैनिक पुष्पांजलि टुडे - रिपोर्टर खंगाराम मुलेवा**

कुक्षी/मध्यप्रदेश। श्री आई पंथ तथा क्षत्रिय सिर्वी समाज के धर्म गुरु दीवान माधवसिंह जी राठौर का सोमवार रात्रि में धार्मिक नगरी कुक्षी की पावन धरा पर आगमन हुआ। कुक्षी सिर्वी समाज सकल पंच अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय सिर्वी महासभा प्रान्तीय महासचिव कान्तिलाल गेहलोत एवं पंच समिति ने दीवान साहब का आत्मीय स्वागत किया।धर्मगुरु बिलाड़ा धाम राजस्थान से प्रस्थान कर राजगढ़ पहुंचे जहां समाजजनों ने अगवानी की।धर्मगुरु के आगमन की सूचना मिलते ही रिंगनोद,टांडा,बाग आदि स्थानों पर धर्मगुरु का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।नगर कुक्षी पहुंचने पर बाग रोड,कन्या परिसर पर युवाओं ने स्वागत कर बाइक रैली निकाली।रैली बाग रोड,स्वामीनारायण मंदिर,पाटीदार मोहल्ला,कचहरी चोक,सराफा बाजार, छोटी हताई होते हुए श्री आई माताजी मंदिर पहुंची।दीवान साहब ने सर्वप्रथम आई माताजी मंदिर पहुंचकर

# दतिया आज ज़िले के कलेक्टर संदीप माकिन द्वारा ग्राम गोविंद पुर में सहरिया बस्ती में जनजाति परिवार के सदस्यों से संवाद किया





**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

और जनमनयोजना (प्रधानमंत्री जनजाति महा न्याय योजना )अंतर्गत चलाये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। श्री माकिन द्वारा सहरिया जनजाति परिवारों को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और सहरिया परिवारों की समस्याओं को सुना।सभी को आयुष्मान, सभी को पक्का घर, प्रत्येक परिवार को उज्वला योजना, सभी के लिए नल से जल, जाति प्रमाणपत्र और पात्रता पर्ची के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये साथ ही 15 जनवरी को आयोजित मेगा इवेंट के लिए सहरिया परिवारों को आमंत्रित किया। इस दौरान सीईओ ज़िला पंचायत श्री कमलेश भार्गव, अतिरिक्त मुख्य कार्यालन अधिकारी ज़िला पंचायत एवं स्त्रश ट्राइबल श्री गिरिराज दुबे एवं सीईओ जनपद दतिया श्री विनीत त्रिपाठी अखिलेंद्र साहू सचिव सरपंच पटवारी ग्राम रोज़गार सहायक उपस्थित रहे

# सूक्ष्म उधम विकास कार्यक्रम (MEDP) नाबर्ड द्वारा 15 दिवसीय डिटर्जेन्ट पावडर मेकिंग प्रशिक्षण का समापन हुआ





**पाठक/9399969531**

राष्ट्रीय कृषि ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा वित्त पोषित परियोजना सूक्ष्म उधम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम समता नगर, गोहद, भिंड में नाबार्ड भोपाल के सहयोग से अराइज एवं ए-वे फाउंडेशन समिति द्वारा तीन स्वयं सहायता समूह (बाबा स्वयं सहायता समूह, दुर्गा स्वयं सहायता समूह, शनिदेव स्वयं सहायता समूह) की महिलाओ का 30 का बैच बनाकर डिटर्जेंट पाउडर मेकिंग का प्रशिक्षण दिनांक 18-12-2023 से 01-01-2024 को प्रशिक्षित प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री आशीष श्रीवास्तव डी.डी.एम. नाबार्ड भिंड / मुरैना, श्री अमित शर्मा शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया मालनपुर, भिंड रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था सचिव श्री मनोज सिंह राठौर के द्वारा की गयी। समापन कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा डी.डी.एम. नाबार्ड एवं शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इसके बाद प्रशिक्षण प्राप्त स्वयं सहायता समूह की महिलाओ को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र एवं मानदेय चेक प्रदान किये गए, और महिलाओ को प्रशिक्षण से प्राप्त कार्य को शुरू करने और अपनी आजीविका को बढ़ाने के साथ -साथ शुभकामनायें प्रदान की। समापन कार्यक्रम के दौरान श्री आशीष श्रीवास्तव डी.डी.एम. नाबार्ड भिंड / मुरैना, श्री अमित शर्मा शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया मालनपुर, संस्था सचिव श्री मनोज सिंह राठौर, श्री प्रमेन्द्र सिंह, श्री रामकुमार शर्मा, श्री नरेंद्र सिंह परिहार, श्री आकाश शर्मा और प्रशिक्षक सुकुमारी बघेल जी उपस्थित रही।

# सिंहस्थ की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने आगामी सिंहस्थ पर्व के आयोजन पर जिले के पवित्र स्थान एवं नर्मदा घाटों पर आने वाली जनसमुदाय के मद्देनजर जिले की समस्त निर्माण एजेंसी, महेश्वर बड़वाह के एसडीएम, सीएमओ, चिकित्सा विभाग के सीएचएमओ की बैठक 10 जनवरी को कलेक्टर सभागृह में आयोजित की गई।उक्त बैठक में सिंहस्थ के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान में उपलब्ध सुविधाओं जैसे घाट, कपड़े बदलने का स्थान, पहुंच मार्ग, मंदिरों का सुदृड़ीकरण, पार्किंग स्थल, फायर फाइटर, अस्पताल उन्नयन की प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि पूर्व से तैयार रहने से व्यवस्थाएं बेहतर होती है और शासन आम जनमानस को बेहतर सुविधाएं देने हेतु दृड़ संकल्पित है। अतः पूरे क्षेत्र में घूम कर जनप्रतिनिधियों से चर्चा करके आवश्यक व्यवस्थाओं की सूची बना ले। जिससे समय पर प्रस्ताव भेज कर उत्कृष्ट कार्य किया जा सके। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती स्वाति मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दृढ़ इच्छा शाक्ति संघर्ष एवं मेहनत ने रंग दिखया,विवेक तिवारी का एस.डी.ओ. पद पर हुआ चयन

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** शासकीय इंजीनिरिंग महाविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग मे स्नातक विवेक तिवारी का चयन राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा के माध्यम से एस.डी.ओ. पद पर हो गया है, विवेक तिवारी वर्तमान मे मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल रीवा मे उपयंत्री के पद पर सेवारत हैं, उन्होने यह सफलता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में तीसरा स्थान प्राप्त कर अर्जिक की हैं। विवेक तिवारी ग्राम कपसा के ज्योति प्रकाश तिवारी जी के नाती हैं व प्रतिष्ठित वरिष्ठ अधिवक्ता नरेन्द्र तिवारी जी के पुत्र हैं, जिन्होने गृह निर्माण मंडल रीवा को अपनी सक्रिय एवं दायित्वपूर्ण पदीय सेवा उपलब्ध कराते हुए दृढ़ इच्छा शाक्ति लगन व कड़ी मेहनत से उक्त सफलता अर्जित की हैं। विवेक तिवारी शुरू से ही होनहार एवं मेधावी विधार्थी रहे हैं, विवेक का



मानना है कि व्यक्ति को मन से कभी हार नही माननी चाहिए, उद्देश्यपूर्ण किया गया संघर्ष सुखद परिणाम देता है, विवेक तिवारी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा-दादी, माता-पिता, परिजनों, गुरूजनों एवं मित्रों को दिया हैं, विवेक तिवारी का कहना है कि मॉ श्रीमती माया तिवारी द्वारा की गई त्याग व सम्पर्ण युक्त परवरिश और पिता श्री नरेन्द्र तिवारी जैसे दिये गये संस्कार व कुशल मार्गदर्शन के बल पर जीवन की बड़ी से बड़ी परीक्षा उत्तीर्ण की जा सकती हैं। विवेक के दो छोटे भाई भी हैं जिनमें विकास तिवारी यूपीएससी की तेयारी कर रहे हैं एवं विनीत तिवारी एम.बी.बी.एस. की पड़ाई कर रहा हैं। विवेक तिवारी की इस सफलता पर उनके परिजनों, रिश्तेदारों, गृह निर्माण मंडल रीवा के शुभ चिंतकों, अधिकारियों, एवं मित्रों के साथ-साथ अधिवक्तागण राजेन्द्र तिवारी, ''राजू'', अरूण द्विवेदी, अशोक तिवारी, दिनेश मिश्रा, शशिकुमार पाण्डेय, अरूण तिवारी, सुनील मिश्रा, मंजूर अहमद, आनंद पाण्डेय, बालमीक द्विवेदी, अर्चना श्रीवास्तव एवं पटवारी अवधेश वर्मा आदि ने बधाई दी हैं।

### रीवा जिले की 410435 बहनों को जारी हुई लाड़ली बहना की राशि

# महिलाएं लाड़ली बहना योजना से मिली राशि का सही कार्यों में उपयोग करें - सांसद





**रीवा(पुष्पांजली टुडे)** ।लाड़ली बहना योजना की किश्त मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हितग्राहियों के खाते मंअ सिंगल क्लिक से जारी की। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से राशि जारी की गई। इस कार्यक्रम का रीवा जिले के नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में सजीव प्रसारण दिखाया गया। मुख्य कार्यक्रम नगर निगम के टाउनहाल में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि आज लाड़ली बहना योजना से रीवा जिले की चार लाख 10 हजार 435 महिलाओं के प्रत्येक खाते में 1250 रुपए की राशि मुख्यमंत्री ने जारी की है। अब तक रीवा जिले में लाड़ली बहनों को 51 करोड़ 30 लाख 43 हजार रुपए की राशि दी जा चुकी है। महिलाएं लाड़ली बहना योजना से मिली राशि का सही कार्यो में उपयोग करें। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए इसका उपयोग करें। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ यादव की सरकार डबल इंजन के रूप में कार्य करके लगातार महिला सशक्तिकरण के प्रयास कर रही हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को जागरूकता तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री जी का सपना है कि महिला स्वसहायता समूह से जुड़ी दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाया जाए। महिला स्वसहायता समूह द्वारा उत्पादित विभिन्न वस्तुओं से महिलाओं को अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। इसके माध्यम से कई महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो गई हैं। समारोह में सांसद श्री मिश्र ने कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया तथा उन्हें उपहार दिए। समारोह में नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, श्री राजेन्द्र त्रिपाठी, श्री शिवम शुक्ला, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, परियोजना अधिकारी जीवेन्द्र सिंह, उपायुक्त नगर निगम रूपाली दुबे, पर्यवेक्षक आँचल अग्रवाल तथा बड़ी संख्या में योजना से लाभान्वित महिलाएं उपस्थित रहीं।

### कलेक्टर ने त्योंथर में धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

# फीडिंग कार्य में गति लाने तथा केन्द्र से धान का उठाव शीघ्र करने के दिये निर्देश

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने त्योंथर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति सोहागी का निरीक्षण किया तथा उपार्जित धान की तौलाई एवं परिवहन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उपस्थित किसानों से उपार्जन केन्द्र में व्यवस्थाओं व खरीदी के बारे में पूंछताछ की। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपार्जित धान का कम्प्यूटर में फीडिंग कार्य विक्रता से करायें ताकि किसान को केन्द्र में रूकना न पड़े उन्होंने उपार्जित धान को शीघ्रता से परिवहन करने के निर्देश नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक को दिये। कलेक्टर ने त्योंथर तहसील अन्तर्गत उपार्जन केन्द्रों में धान उपार्जन तथा परिवहन एवं भुगतान की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिये कि एसडीएम के साथ अन्य अधिकारी सभी केन्द्रों का तत्काल भ्रमण कर



खरीदी गई धान तथा उपार्जित धान का आकलन कर केन्द्र से तत्काल धान का परिवहन किये जाने की व्यवस्था करायें। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने त्योंथर में 43 करोड़ 27 लाख रूपये की लागत से बनाएं जा रहे। सीएम राईज स्कूल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि मार्च 2025 से पूर्व पूरी गुणवत्ता के साथ सीएम राईज स्कूल का निर्माण हो जाय। उन्होंने कहा कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ बच्चों के सर्वांगीण विकास में होगा तथा उन्हें अनुभवी व प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा उच्च स्तरीय शिक्षा ग्रहण करने का भी अवसर मिलेगा। उन्होंने जी प्लस श्री माडल में बनाये जा रहे सीएम राईज भवन की ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन किया तथा निर्माण एजेंसी को सतत कार्य को आगे बड़ाने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि रीवा एवं मऊगंज जिले में 12 सीएम राईज स्कूल की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसमें से 10 का कार्य प्रारंभ हो चुका है। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय त्योंथर का भी भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, एसडीएम पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर रामनिवास सिकरवार, कार्यपालन यंत्री पीआईयू केके तिवारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बरगी व्यपवर्तन परियोजना की प्रगति की उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने वीसी के माध्यम से की समीक्षा

### भूमि-अधिग्रहण की कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण करने के उप मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि बरगी परियोजना का पानी सतना में आगामी रबी के पूर्व पहुँचना सुनिश्चित करना है। इस हेतु सभी राजस्व अधिकारी भू-अर्जन एवं मुआवड़ा वितरण की कार्यवाही निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में संभागीय बैठक में इस आशय के निर्देश दिये गये थे। सभी संबंधित अधिकारी अपनी ड़िम्मेदारियों को तय सीमा में पूर्ण करने हेतु नियमित रूप से समीक्षा करें। उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न ड़िलों के लंबित



अधिग्रहण मामलों की ड़िलावर समीक्षा की और प्रगति की जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय से वीडियो कॉन्ड़्रेंसिंग के माध्यम से बरगी व्यपवर्तन परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने एनवीडीए के अधिकारियों से कार्य की भौतिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने परियोजना अन्तर्गत टनल निर्माण कार्य, नहर की वितरक शाखाओं की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में वीसी के माध्यम से कटनी, मैहर, सतना और पन्ना के कलेक्टर, मंत्रालय से ईएनसी एनवीडीए श्री प्रमोद कुमार शर्मा सहित विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

# आर्योदय पब्लिक स्कूल अतरैला में जाकर की गई स्कूल बसों की जांच




**रीवा(पुष्पांजली टुडे)** परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा द्वारा आर्योदय पब्लिक स्कूल अतरैला में जाकर स्कूल बसों का औचक निरीक्षण किया गया।स्कूल में 4 बसे मौके पर मौजूद पाई गई जिसका मौजूदा स्टाफ ने भौतिक रूप से परीक्षण किया वाहनों के परमिट फिटनेस वैध पाए गए। वाहनों के भौतिक रूप से परीक्षण करने पर एक बस में अग्निशमन यंत्र नहीं पाया गया और दूसरी बस में खिड़कियों में जाली लगी हुई नहीं पाई गई जिसके लिए परिवहन विभाग द्वारा मौके पर ही दोनों बसों पर चालानी कार्यवाही की गई।इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों के जांच का कार्य लगातार आज भी जारी रहा,आज किए गए जांच के दौरान 9 यात्री बसों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई जिसमें 6 बसे ऑल इंडिया परमिट पर चलती पाई गईं। माननीय कलेक्टर महोदय के आदेशानुशार मार्ग पर कोहरे को देखते हुए स्कूल बसों के विरुद्ध दूर दराज के ग्रामीण इलाकों पर जाकर आरटीओ रीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के द्वारा यह जांच की गई। रीवा जिले में सिरमौर के आगे जवा पटेहरा अतरैला मार्ग में काफी घना कोहरे का वातावरण रहता है, जिसके लिए परिवहन सुरक्षा स्क्वाड ने वही मौके पर जाकर इन बसों की जांच की। परिवहन स्टाफ द्वारा स्कूल प्रबंधन को निर्देशित भी किया गया की सभी बसें मोटरयान अधिनियम के अनुरूप चलाएं बसों में अग्नि शमन यंत्र फर्स्ट् एड बॉक्स बसों में दोनों तरफ जालिया हो अवश्य लगी हो जिससे बच्चे हाथ बाहर ना निकाल सके। परिवहन विभाग के द्वारा स्कूल बसों के विरुद्ध यह जांच अभी लगातार जारी रहेगी। आज की गई इस कार्यवाही से परिवहन विभाग को 67000 रुपए का शासकीय राजस्व प्राप्त हुआ।

# जेवरातों से भरे बैग को पुलिस के सुपुर्द करने वाले युवक को किया पुरुषकृत,

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह की पहल पर डीएसपी हिमाली पाठक ने जेवरातों से भरे बैग को पुलिस के सुपुर्द करने वाले युवक सौरभ कुशवाहा को किया पुरुषकृत, सौरभ ने बीते रविवार को एक बैग लावारिश हालत में सड़क पर पड़ा पाया था जिसमे कीमती जेवरात थे जिसे युवक ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया था,



# सुश्री वैशाली जैन ने वाहनों से अवैध वसूली करते पाए जाने पर चार व्यक्तियों के विरुद्ध की कार्रवाई



**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** एसडीएम हुजूर सुश्री वैशाली जैन के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों ने रतहरा बाईपास में औचक निरीक्षण के दौरान वाहनों से अवैध वसूली करते पाए जाने पर चार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में तथा तीन अन्य व्यक्ति अवैध वसूली कर रहे थे, जिनसे वसूली की रसीद जप्त कर कार्यवाही की गई तथा अभी भी लगातार दल द्वारा औचक निरीक्षण कर शहर में कार्यवाहियां की जा रही हैं।

# थाना देहात पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को 48 घंटे के भीतर किया दस्तयाब

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा जिला शिवपुरी में नाबालिग बालिकाओं की दस्तयावी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव मुले एवं सी.एस.पी. महोदय श्री संजय चतुर्वेदी के द्वारा लगातार दिये जा रहे निर्देशो के क्रम में थाना देहात के अप.क्र.07/24 धारा 363 भादवि की नाबालिग बालिका हरदौल मंदिर के पास पुरानी शिवपुरी से बिना बताये कहीं चली गयी थी। अपहृता की दस्तयाबी के अथक प्रयासों पर पता चलने पर थाना प्रभारी देहात द्वारा तत्काल एक टीम का गठन किया गया, टीम को थाना प्रभारी द्वारा निर्देशित कर रवाना किया व नाबालिग बालिका को 48 घंटे के भीतर दस्तयाब कियागया। उक्त कार्य में निरीक्षक विकास यादव थाना प्रभारी देहात, प्रआर 499 देवेन्द्र सेन, प्रआर 342 मोहन सिंह चौहान, म.आर. 1091 रीना जादौन एवं सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए अभियान जारी

# राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु पुनरीक्षण संबंधी निर्देश प्रसारित किए गए है।ग्वालियर संभाग के उपायुक्त संजय श्रीवास्तव ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। सभी को आयोग के द्वारा जारी विशेष निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। अभी 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने के लिए आवेदन किए जाएगें। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जनवरी माह की 13 एवं 20 तारीख को विशेष अभियान के तहत केम्पो का आयोजन कर मतदाताओं के नाम जोडे जाने का कार्य किया जाएगा। प्रत्येक कार्य दिवस पर मतदान केन्द्रों में बीएलओ उपस्थित रहेंगे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने के लिए आवेदक ऑफलाईन बीएलओ के पास पहुंचकर तथा ¥æòÙÜæ§üÙ voters.eci.gov.in तथा वोटर हेल्पलाइन एप पर संपर्क कर सकते है। इसके पश्चात् मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आठ फरवरी को किया जाएगा।इसमें राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है वह लोगों तक जानकारी पहुंचाएं। बैठक में उपस्थित एडीएम और तहसीलदार को भी इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं।

# वीर रमणीय मणिमाला खंगार जोहर दिवस के लिए बैठक संपन्न







संवादाता हरिओम परिहार की खास रिपोर्ट

चंदेरी के आर जे पैलेस में एक खंगार क्षत्रिय परिहार समाज की बैठक संपन्न हुई राष्ट्रीय अध्यक्ष खंगार क्षत्रिय समाज श्री रमेश खंगार नन्ना जी की अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र सिंह शिक्षक निवाड़ी अशोक मिर्धा पृथ्वीपुर निर्भय सिंह परिहार रहे जिसमें गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, ललितपुर एवं चंदेरी क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 29 जनवरी 2024 को रानी मणिमाला खंगार के 1600 क्षत्राणियों के साथ जौहर परांपरा का पालन कर राष्ट्र धर्म एवं सतीत्व की रक्षार्थ बलिदान दिया उनके बलिदान दिवस को जौहर दिवस के रूप में मनाया जाना है जिसके सभी उपस्थित लोगों को दायित्वों



को सौपे गये। सबसे पहले चंदेरी नगर में चल समारोह रानी मणिमाला खंगार का होगा उसके पश्चात उनके जौहर स्तम्भ पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जायेगी।ऐसी वीर रमणीय मणिमाला जिन्होंने न केवल अपने सुहाग राजामेदनी राय जू की वीरता के साथ लडाई में साथ दिया बल्कि जौहर प्रथा का पालन कर अपने प्राणों की आहूति देकर त्याग बलिदान किया उनके देश धर्म के लिए किये त्याग बलिदान को जन जन तक पहुंचाकर लोगो में राष्ट्र भावना को जागृत करने के उद्देश्य को लेकर इस वर्ष रानी मणिमाला के जौहर दिवस को दिनांक 29 जनवरी 2024 को किले के मैदान में मनाया जाना है।जिसमें वीरता से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित राष्ट्र रक्षा एवं समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आमजनों को सम्मानित किया जाना है।बैठक में काशीराम परिहार, चंदनसिंह परिहार,विजय परिहार मामोनी खुर्द करैरा, श्री पंजाब सिंह परिहार बलराम खंगार गुना अमन खंगार निवाड़ी मलखान प्रताप पुरा पप्पे खंगार,पर्वत सिंह परिहार,सोनू परिहार श्रीमती उषा परिहार करैरा एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। ब्यूरो चीफ हरिओम परिहार जी सतीश परिहार

### कितना भी दूर-दराज इलाका हों, लाभ पहुंचाना यात्रा का संकल्पः सांसद चौधरी

# जीवंद कलां एवं देवली पाबूजी़ में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में शामिल हुए पाली सांसद

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

पाली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकास की अवधारणा यह सुनिश्चित करना है कि यह आबादी के सबसे दूर और सबसे कमजोर वर्गों तक पहुंचे। इस यात्रा से नागरिकों को इससे सीधे लाभ होता है। मोदी सरकार ने महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाएं बनाई और क्रियान्वित की जा रही हैं। 2014 से अब तक हमारी सरकार ने सबका साथ-सबका विकास मूलमंत्र के तहत विकास की अवधारणा यह सुनिश्चित करना है कि यह आबादी के सबसे दूर, सबसे कमजोर वर्गों तक पहुंचे। इससे पहले, नागरिकों को उनके लाभ पाने के लिए विभिन्न कार्यालयों से संपर्क करना प?ता था। लेकिन दूसरी ओर इस यात्रा में गा?ी सीधे लाभ पहुंचाती है। पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री पीपी चौधरी ने बाली की जीवंद कलां और मारवा? जंक्शन की देवली पाबूजी ग्राम पंचायतों में हुए यात्रा कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए लाभार्थियों एवं ग्रामीणो से संवाद किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोदी सरकार के कुशल कार्यकाल में 13 करो? से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। इतना ही नहीं केंद्र सरकार के कार्यकाल में देश लगातार विकास की ओर आगे ब? रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश भर में करीब 3 करो? नए घरों का निर्माण किया गया है, साथ ही 20 लाख से अधिक पेयजल कनेक्शन केंद्र सरकार के सहयोग से लगे हैं। सांसद चौधरी ने दोनों कैंपों में पाई गई कमियों को दूर कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने हेतु



अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जीवंद कलां में कृषि ड्रोन नहीं होने पर कृषि अधिकारियों को पाली जिलेभर में आयोजित हो रहे सभी कैंपो में ड्रोन के प्रदर्शनी को कहा। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा को लेकर भी सभी बैंकों के आवेदन लेने हेतु कहा। सासंद चौधरी ने कहा कि किसानों और ग्रामीणों को मोदी सरकार की हर योजना का लाभ मिलें, उन्हें किसी भी योजना से बेवजह अपात्र न ही रखें। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभांश एवं प्रमाण पत्र लाभार्थियों में वितरण कर विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई। ग्रामीणों की रेल ठहरावों को मांग को लेकर उन्होंने आश्वस्त किया वे विभिन्न ठहरावों को पूर्ण रूप से प्रयासरत है। जल्द ही नए ठहराव होंगे। अन्य समस्याओं के लिए भी उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित किया। सांसद चौधरी गुरूवार को फालना और सोजत सिटी में आयोजित यात्रा कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उक्त कार्यक्रमों में सांसद चौधरी के अलावा मा.जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी, पूर्व सांसद पुष्प जैन, रानी प्रधान श्याम कंवर, समाज सेवी आनंद वैष्णव, जिला मंत्री जयवर्धन रांकावत, पंस सदस्य सुमित्रा राजपुरोहित, गिरधारी सिंह, दिनेश चौधरी, इंद्र सिंह, जिपस मंजू चौधरी, सरपंच जींवद कलां, प्रियंका चौहान, सरपंच देवली पाबूजी नारायणलाल, किशोरसिंह पिलोवनी, मण्डल अध्यक्ष प्रियंका चौहान, गिरधारी सिंह, मोहन मारू, उत्तमसिंह राजपुरोहित, पंकज चौधरी, नारायण चौधरी, रूपाराम, मेघाराम, राहुल, गजेन्द्रसिंह, चंपालाल, करमाराम, गोविंद सिंह, अशोक सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित ब?ी संख्या ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय विशेष शिविर में सांस्कृतिक कार्य मों मे रंगारंग प्रस्तुतियां दी



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. आरएस देवड़ा के मार्गदर्शन में तथा जिला संगठक अधिकारी डॉ. सुरेश अवासे के निर्देशन में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम नंदगाँव बगुद में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के चतुर्थ दिवस के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों ने नृत्य के साथ रंगारंग प्रस्तुतियां गीत देश मेरा रंगीला रंगीला......। लोकगीत जेका खोला मां रेवा को लाल छै, आदिवासी गीत हामू काका बाबा ना पोरिया रे.... आदि गीतों के माध्यम से प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रो. ललित भटानिया, डा. दिनेश चौधरी, प्रो. ऐश्वर्या दिलावरे, प्रो. संतोष राठौर आदि लोग उपस्थित रहे। सुबह स्वयं सेवकों के द्वारा ध्यान व प्राणायाम किया गया। स्वयंसेवकों ने दल-वार कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए परियोजना कार्य के अंतर्गत परिसर में इकाई का नाम लिखा, स्वयंसेवकों ने मुख्य सड़क से कैंप के स्थान तक निर्देशन चिन्ह बनाए व परिसर में भी साफ- सफाई का संदेश दिया।शिविर के बौद्धिक सत्र में हाई स्कूल नंदगांव बगुद प्राचार्य श्री पीएन कलमे ने स्वयं सेवको को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतरता के माध्यम से लक्ष्य की प्राप्ति की राह दिखाई देती है। आपकी मेहनत एक ने एक दिन रंग लाएगी और आपको पद मिलेगा और आपको सम्मान मिलेगा। प्रो. संजय कोचक ने शिविर से सीखी बातों पर अमल करने का जीवन में महत्व समझाया और बताया कि अनुशासन से जीवन की राह किस प्रकार आसान हो जाती है। एक लोकगीत के माध्यम से समाजसेवा का संदेश दिया। आकाशवाणी कलाकार श्री तोतराम अमोदे आकाशवाणी कलाकार ने भी निमाड़ी लोकभाषा में शिक्षा के प्रति जागरूकत

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478